प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने झारखंड समेत देश के विभिन्न भागों में तेजी से बदल रही डेमोग्राफी पर चिंता जतायी है। जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने डेमोग्राफी बदलाव की कोशिशों को परमाणु बम जैसा भयानक बताया। श्री धनखड़ ने कहा कि डेमोग्राफी बदलाव होता रहा तो चुनाव का कोई मतलब नहीं रह जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे बदलाव से कई देश अपनी मूल पहचान खो चुके हैं।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना कल जारी होगी। इसके साथ ही पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु हो जायेगी जो 25 अक्तूबर तक जारी रहेगी। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 30 अक्तूबर को प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा।

****

राज्य में चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पूरे राज्य में राजनीतिक दलों के होर्डिंग, पोस्टर और बैनर हटाने का काम शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप नगर निगम अधिकारियों को नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। इस बीच, सांसद और विधायक के स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत फंड जारी करने पर भी रोक लगा दी गई है।

****

पुलिस मुख्यालय ने झारखंड में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए केंद्र सरकार से अर्द्धसैनिक बलों की 590 टुकड़ियों की मांग की है। केंद्र ने चुनाव की घोषणा होते ही सुरक्षा बलों की 100 टुकड़ियां तत्काल झारखंड को उपलब्ध करा दिया है। इधर बोकारो पुलिस विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने आकाशवाणी को बताया कि जिले में अवैध हथियार, पैसे के अवैध लेनदेन और शराब की तस्करी पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है।

****

इस बीच भाजपा आज अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इस सूची में करीब 40 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा किये जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा की दूसरी सूची भी दो– तीन दिनों के भीतर जारी किये जाने की उम्मीद है।

****

इधर, इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर कल रांची में एक बैठक होगी। बैठक में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव के अलावा कांग्रेस और वामदल के भी कई नेता शामिल होंगे। इसके ठीक अगले दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी रांची आयेंगे और सीट शेयरिंग के फैसले को सार्वजनिक किया जायेगा।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा जिले में आचार संहिता के अनुपालन को लेकर सख्त कदम उठाये जा रहे हैं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स फेज–टू का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर राज्य सरकार को फटकार लगायी। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को 2023 में पारित आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को निर्धारित की।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला समेत कोल्हान और संथाल के जिलों में आज और कल गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बारिश के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है और लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

*******समाप्त**********